## खास-खबरें

### उज्जैनः पूर्व पार्षद गुड्डू कलीम की घर में गोली मारकर हत्या



**उज्जैन।** कांग्रेस के पूर्व पार्षद हाजी गुडडू कलीम की शुक्रवार सुबह 5 बजे घर मे घुसकर गोली मारकर हत्या हो गई। 4 अक्टूबर को ही उन पर फायर हुआ था और नाले में कूदकर जान बचाई थी। नीलगंगा थाना पुलिस मृतक के मामा की सूचना पर वजीर पार्क कॉलोनी पहुंची। शव जब्त कर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए पहुंचवाया। मौके पर परिजनों द्वारा गुड्डू की पूर्व पत्नी और दो बेटों पर हत्या की बात पुलिस को कुछ लोगों ने कही। हालांकि पुलिस ने अभी इस पर अधिकृत टिप्पणी नहीं कि है। पुलिस को जानकारी मिली है कि परिवार में संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। उसी विवाद में 4 अक्टूबर को गुड्डू पर सुबह 6 बजे घर से निकलते समय कार सवार युवक में फायर करके हमला किया था। गुड्डू ने उस समय नाले में कूदकर जान बचाई थी,जिसमे उनकी हाथ की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया था। ज्ञात रहे वे कॉलोनाईजर, होटल मालिक थे। एक समय पुलिस थाने के हिस्ट्रीशीटर रहे।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य दुकानों से लिए गए सैंपल

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देषानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य पदार्थों की जाँच निरीक्षण तथा सैंपल लेने की कार्यवाही सतत जारी है। इसी क्रम में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा शमशाबाद तहसील की खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य कारोबारकर्ता तरण स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पेड़ा, बर्फी, नमकीन, रसगुल्ला आदि के सैंपल एकत्रित किए गए। इन सैंपल को जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

# शिकायतों का पूरी तत्परता से करें निराकरण:कलेक्टर

**सीहोर।**

**ऐसी शिकायतें जो सीधे आमजन से जुड़ी हैं, उनका पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। खासतौर पर हितग्राहीमूलक योजनाएं जिनसे पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना है, इनकी स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी से कार्यवाही की जाए।**



यह निर्देश कलेक्टर प्रवीण सिंह ने टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों का यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों के काम जल्द से जल्द हो सकें और उन्हें उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समय पर मिले। समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विभाग की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की आमजन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में जिले की नम्बर वन रैंक बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, जिला पंचायत प्रभारी सीईओ एवं संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**ग्रामीण विकास के कार्यों में तेजी लाएंः** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों का कार्य समय पर पूर्ण कराकर पोर्टल पर अपलोड कराया जाए, ताकि समय पर अगली किस्त की राशि मिल सके। कलेक्टर श्री सिंह ने वन क्षेत्रों में स्वीकृत पंचायतों के कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए वन विभाग को स्वीकृति की कार्यवाही जल्द से जल्द प्रदान करने के निर्देश दिए।

**वनाधिकार पट्टों के डिजिटलीकरण के निर्देशः** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने वनाधिकार पट्टेधारियों के पट्टों को डिजिटल फॉर्म में सुरक्षित रखने के लिए सभी पट्टों को डिजिटलीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टेधारियों के पट्टे क्षतिग्रस्त होने पर पट्टों की प्रति बनवाना आसान नही होता। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे किसान जिनके माता की मृत्यु के उपरांत फौती नामांतरण नहीं हुए हैं, उन सभी के फौती नामांतरण के प्रकरण वन विभाग को निर्धारित समय सीमा में भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन तथा सामुदायिक दावों की कार्यवाही तत्परता से करने के निर्देश दिए।

**किसानों को दिलाएं फसल बीमा का लाभः** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों की सोयाबीन की फसल को क्षति हुई है, उन्हें फसल बीमा का लाभ दिलाने के लिए किसानों की फसलों का जल्द से जल्द सर्वे कराएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बीमा कंपनी के कर्मचारी सर्वे के साथ-साथ बीमा के प्रकरण तैयार करने की कार्यवाही शीघ्रता से करें।

### कालिदास चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता कंगना का किया अभिनंदन

**गंजबासौदा।** जिला स्तरीय कालिदास चित्रांकन प्रतियोगिता में स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. स्कूल की छात्रा कंगना कुर्मी पुत्री नरेंद्र सिंह कुर्मी को जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होने पर संस्था में अभिनंदन किया गया। मालूम हो कि सितम्बर माह में शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में आयोजित ब्लाक स्तरीय कालिदास समारोह सांस्कृतिक प्रतियोगिता में संस्था की छात्रा कंगना कुर्मी के चित्रांकन को प्रथम स्थान के साथ जिले के लिए चयनित किया गया था। बुधवार 09 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट स्कूल विदिशा में आयोजित कालिदास प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा महाकवि कालिदास पर निर्मित चित्र को सर्वोच्च स्थान दिया गया।

## कलेक्टर तथा एसपी ने विजयादशमी-दशहरा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**विदिशा(निप्र)।**

**कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिला मुख्यालय पर विजयादशमी-दषहरा पर आयोजित दशहरा कार्यक्रम पर किए जा रहे प्रबंधों का स्थलीय भ्रमण कर समीक्षा की। इस वर्ष भी स्थानीय एसएसएल जैन कॉलेज परिसर में दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।**

पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने विजयादशमी-दशहरा चल समारोह जैन कॉलेज परिसर पहुंचने पर किए जाने वाले प्रबंधों, सुरक्षा व्यवस्थाओं को ध्यानगत रखते हुए किए जाने वाले प्रबंधों तथा आतिशबाजी के अवसर पर बरती जाने वाली सावधानियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित सभी के लिए आयोजन स्थल पर बैठने हेतु किए जाने वाले प्रबंधों तथा कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत वापसी के लिए निर्धारित मार्गों सहित सम्पूर्ण परिसर में रौशनी के लिए किए जाने वाले प्रबंधों, सुरक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

### प्रभारी मंत्री शस्त्र पूजन में भाग लेंगे आज

विदिशा (निप्र)। पशुपालन एवं डेयरी (स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री) और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज शनिवार 12 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## राम-रावण युद्ध की परंपरा आज भी प्रचलित

### रावण की सेना का पत्थर श्रीरामजी की सेना के किसी भी सैनिक को नहीं लगता

**विदिशा (निप्र)।**

**जिले की लटेरी तहसील के ग्राम काला देव में दशहरा पर्व के अवसर की सैकड़ो वर्ष पुरानी राम-रावण युद्ध की परंपरा आज भी प्रचलित है। इस अनोखी परंपरा में अचूक गोफन (गोटियां) चलाने वाले निशानेबाज भील और बंजारा समाज के लोग रावण की सेना में शामिल होते हैं।**

युद्ध के दौरान श्रीराम की सेना में सम्मिलित काला देव ग्राम के निवासी एक भी सैनिक को रावण की सेना का पत्थर नहीं लगता है और रावण की सेना द्वारा मारा गया पत्थर अपनी दिशा बदल लेता है, जो इस परंपरा को विशेष बनाता है। लगभग 2 घण्टे चलने वाले इस पत्थरमार युद्ध में कभी कोई घायल नही होता है। श्रीरामजी की सेना के सैनिक नारे लगाते हुए दौड़ते हुए ध्वज की परिक्रमा करते हैं, जबकि इस गांव में रावण की एक विशालकाय प्रतिमा स्थित है। इसके सामने एक ध्वज लगाया जाता है। यह ध्वज श्री राम तथा रावण के युद्ध का प्रतीक होता है। श्री राम की सेना ध्वज की परिक्रमा लगाता है, तो दूसरी ओर रावण की सेना पत्थर बरसाती है।

इस युद्ध के दौरान एक तरफ कालादेव के लोग श्री रामदल के रूप में आगे बढ़ते परिक्रमा लगाते हुए इस ध्वज को छूने का प्रयास करते हैं तो वहीं दूसरी ओर रावण दल के लोग उन पर गोफन से पत्थरों की बरसात करते हैं।

लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि, गोफन से निकले यह पत्थर रामदल के लोगों को नहीं लगते बल्कि मैदान से अपनी दिशा बदलकर निकल जाते हैं। पत्थरों की इस बौछार में रामदल का कोई भी व्यक्ति घायल नहीं होता। आयोजन के प्रारंभ होने के पहले ही रावण की प्रतिमा के पास आदिवासियों द्वारा पत्थरों का ढेर लगाकर अपनी गोफन तैयार कर ली जाती हैं।

## शा. महाविद्यालय में स्वावलंबी भारत अभियान को लेकर उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन संपन्न

**पीथमपुर।** धार,स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री राजवर्धन सिंह जी दत्तीगांव पूर्व कैबिनेट मंत्री (औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग), कार्यक्रम के विशेष अतिथि

विशाल पुरोहित प्रांत सह संयोजक (स्वदेशी जागरण मंच मालवा प्रांत), डॉ रामगोपाल वर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गौ सेवा (प्रांत संयोजक), श्रवण गौर जिला संयोजक धार (स्वदेशी जागरण मंच), शेखर यादव बदनावर (नगर परिषद प्रतिनिधि) ,पुरुषोत्तम शर्मा (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष) ,आकाश मुकाती (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) आदि मंचासीन हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक पाटीदार जन भागीदारी समिति अध्यक्ष ने की।

अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। स्वदेशी गीत हर्षिता गंधर्व एवं अंजली ठाकुर ने लिया। अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत प्रतीक्षा चौहान ने किया। स्वागत भाषण श्रवण गौर द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों का परिचय करवाया ।सफल उद्यमी की कहानी अपनी जुबानी राजेंद्र सिंह पवार ने किस प्रकार सफलता हासिल की उसकी चर्चा बच्चों के साथ की, नंदकिशोर जी प्रजापति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के कार्य को लेकर बच्चों से संवाद किया गया। प्रवीण जी चावला द्वारा चावला लाइटिंग के उद्योग को विद्यार्थियों को समझाया। विशाल पुरोहित ने स्वालंबी भारत अभियान की रूपरेखा को समझाया। डॉ रामगोपाल वर्मा ने बच्चों को स्वालंबी की शपथ दिलाते हुए गो सेवा को लेकर बात कहीं। माननीय पूर्व उद्योग मंत्री द्वारा प्रदेश एवं देश मैं सफल उद्यमी के रूप में उभरते हुए व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को अपने-अपने रुचि के अनुसार स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया।

### शाजापुर में रात्रि के समय महिला का सहारा बनी डायल 100

**शाजापुर।** रात के समय बस नही मिलने से परेशान महिला का डायल 100 सहारा बनी और गंतव्य तक पहुंचने में मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय नेहा मालवीय को बुधवार देररात मक्सी बस स्टैंड से रात्रि के समय देवास जाने के लिए बस नहीं मिल रही थी। इस पर महिला ने डायल 100 पर कॉल कर मदद मांगी। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मक्सी थाना क्षेत्र में तैनात डायल 100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल 112/100 स्टॉफ आरक्षक रोहित झलावा और पायलेट प्रभुल्ल शर्मा मौके पर पहुंचे और महिला को मक्सी बायपास से देवास जाने वाली बस में बैठाया गया।

## मरीह माता मंदिर में भंडारे में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सीहोर।**

**शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन है और इस दिन मां भगवती की 9वीं शक्ति मां सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।**



नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया, इस मौके पर शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही यहां पर भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात्रि तक जारी रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई और सुबह दस बजे यहां पर जारी यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया।

लगातार नौ घंटे तक चले इस भव्य भंडारे में शहर सहित आस-पास से आए करीब पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जिला संस्कार मंच के जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, सुनील चौकसे, रामू सोनी, पंकज झंवर, हृदेश राठौर आदि ने कन्याओं को चुनरी भेंट की और महिलाओं को सुहाग आदि की सामग्री प्रदान की। भंडारे का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया था, वहीं देर रात्रि को महा अष्टमी के पावन अवसर पर हर साल की तरह महानिशा आरती का आयोजन भी किया गया था। अब शनिवार को देवी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा ने बताया कि मरीह माता मंदिर वर्षो से श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, मंदिर परिसर में हर नवरात्रि पर पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि साल में चार नवरात्रि पर कन्याओं की पूजन की जाती है और भंडारे का आयोजन दो नवरात्रि चैत्र और शरदीय पर होता है। करीब 150 साल से यहां पर पूजा अर्चना का क्रम जारी है।

## थाना परिसर में खड़ी जब्तशुदा हार्वेस्टर के ढाई लाख के पुर्जे चोरी

**दमोह।** दमोह पुलिस का एक कारनामा सामने आया है। थाना परिसर में खड़े एक जब्तशुदा हार्वेस्टर के करीब दो से ढाई लाख रुपए की पुर्जे चोरी हो गए। और किसी को कानो कान खबर तक नहीं लगी। 2 दिन पूर्व बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने एक हार्वेस्टर को हटा नाका से जब्त कर उसे देहात थाना परिसर में खड़ा करा दिया था।

अगले दिन गुरुवार सुबह जब हार्वेस्टर मलिक हटा के तालगांव निवासी राजू शर्मा अपना हार्वेस्टर देखने थाने पहुंचे,तब तक उसके हार्वेस्टर कई पुर्जे चोरी हो चुके थे। जिनकी कीमत करीब 2 से ढाई लाख रुपए हार्वेस्टर मालिक द्वारा बताई जा रही है। जिसके बाद हार्वेस्टर मलिक ने दिनभर ट्रैफिक पुलिस और देहात थाना के चक्कर काटे, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। इसी तनाव में बाइक से अपने गांव जाते वक्त उसका एक्सीडेंट हो गया जिससे वह गंभीर रूप गंभीर हो गया और वह अभी शहर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में उपचार हेतु भर्ती है।

शुक्रवार दोपहर हालात सामान्य होने पर उन्होंने घटना की जानकारी दी। हार्वेस्टर मलिक शर्मा ने जानकारी देते बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने हार्वेस्टर को जब्त किया था। साथ ही ड्राइवर को भी पकड़ लिया था।परंतु रात में ड्राइवर को छोड़ दिया। सुबह जब मैं थाने पहुंचा तो देखा कि थाने में रखे मेरे हार्वेस्टर से काफी पुर्जे चोरी हो गए थे।जिसकी ट्रैफिक थाने और देहात थाने में जाकर शिकायत की, लेकिन किसी ने बात नहीं सुनी। हार्वेस्टर मालिक ने बताया कि मेरा ब्लड प्रेशर समस्या के कारण तनाव में स्वास्थ्य ठीक नहीं था। रात में बाइक से अपने घर जाते समय मेरे साथ हादसा हो गया। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं है मुझे सीधे अस्पताल में होश आया।

हार्वेस्टर मलिक के भतीजे शुभम शर्मा ने बताया कि पथरिया से हार्वेस्टर काम करने के बाद वापस दमोह ला रहे थे। हटा नाका के पास ट्रैफिक पुलिस ने हार्वेस्टर को पकड़ लिया और चालानी कार्रवाई कर दी। हार्वेस्टर के ड्राइवर को भी ट्रैफिक पुलिस अपने साथ ले गई और हार्वेस्टर को देहात थाने में खड़ा करा दिया। जिसके बाद रात में ड्राइवर को छोड़ दिया लेकिन हार्वेस्टर को थाने में ही रखा रहने दिया। सुबह देखा तो उसके कई पार्ट्स चोरी हो गए। ऐसा लगता है जैसे पुलिस की मिली भगत से यह चोरी की गई। यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चालानी कार्रवाई कर रहे थे। इस दौरान शराब के नशे में हार्वेस्टर चालक सामने आया जिसे पड़कर चालानी कार्रवाई की गई थी। कुछ देर बाद चालक को छोड़ दिया था और हार्वेस्टर को देहात थाने में रखवा दिया था। हार्वेस्टर के पार्टस चोरी हुए हैं इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। देहात थाना प्रभारी आरएस बागरी का कहना है कि संभवतः हार्वेस्टर के ड्राइवर ने ही कुछ गड़बड़ की है।

## जन-जन की आवाज है मंदसौर को संभाग बनाओ

**मंदसौर।** संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत गांधीचौराहा पर चल रहे पोस्टकार्ड अभियान के 10वें दिवस सकल जैन समाज, ओसवाल लोढ़े साथ जैन समाज और रोटरी क्लब के प्रतिनिधियों में सहभागिता निभाई और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखे।




सकल जैन समाज के अध्यक्ष दिलीप लोढ़ा ने इस अवसर पर कहा कि मंदसौर क्षेत्र को विकास की दौड़ में संभाग बनने से और अधिक गति मिलेगी। हम मंदसौर क्षेत्र के निवासियों की शासन से यह न्यायोचित मांग है जिसे पूरा करना चाहिए।

ओसवाल लोढ़े साथ समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र नलवाया ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने के लिए जन आंदोलन किया जा रहा है यह आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए है, क्योंकि संभाग बनने से मंदसौर नगर और इस क्षेत्र को जो सौगातें प्राप्त होगी उससे नई पीढ़ी लाभान्वित होगी और उन्हें महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

रोटरी क्लब अध्यक्ष योग गुरू सुरेंद्र जैन ने कहा कि संभाग बनाने के लिए किए जा रहे इस आंदोलन को जन-जन का समर्थन मिल रहा है और हमें पूरा विश्वास है कि मंदसौर नगर और इस क्षेत्र की जनता का यह संघर्ष जरुर परिणाम लाएगा।

### स्कूल में पढ़ने वाले बालकों की सकारात्मक सोच के लिये उज्जवल प्रशिक्षण मार्गदर्शिका

**रायसेन।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में पढ़ने वाले बालकों में सकारात्मक सोच के लिये उज्ज्वल कार्यक्रम में प्रशिक्षण मार्गदर्शिका तैयार की जा रही है। इसका प्रमुख उद्देश्य बालकों को बढ़ती उम्र के साथ विभिन्न पहलुओं और बदलाव में उनकी सकारात्मक भूमिका के प्रति सजग करना है। यह एक नवीन पहल है, जो बालकों में एक नयी सोच का संचार करेगी, जिससे वे सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न मुद्दों को समझ पायें। किशोर अवस्था में अर्जित ज्ञान और कौशल का प्रभाव आजीवन रहता है। इसलिये आवश्यक है कि ष्पौरूषष् की अवधारणा से बालक प्रारंभ से ही परिचित हो सकें और उनके अनुकूल जीवन में व्यवहार करने की सोच उनके अंदर विकसित हो सके। स्कूल शिक्षा विभाग ने यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फण्ड एक्टिविटी (यूएनएफपीए) के सहयोग से इस नवीन आवधारणा को लेकर मार्गदर्शिका उज्ज्वल का निर्माण किया है।

**स्पेशल खबर** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र तोमर ने सदस्यता अभियान को लेकर मेहगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया

## सदस्यता अभियान के माध्यम से हर समाज के व्यक्ति को भाजपा की विचारधारा से जोड़ें : तोमर

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिण्ड जिले के विधानसभा क्षेत्र मेहगांव पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा के राष्ट्रव्यापी संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान में जुट जाने का आव्हान किया और कहा कि यह सदस्यता अभियान श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित समृद्ध भारत और विश्व गुरु को स्थापित करने के लिए चलाया जा रहा है, इससे



हमारी सत्ता और संगठन की ताकत हर समाज तक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाकर केंद्र और प्रदेश व जिला और विधानसभा में हर बूथ पर अपनी संगठन की ताकत को मजबूती प्रदान करें।

मध्यप्रदेश सरकार में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा द्वारा पूरे भारत में सदस्यता अभियान 2024 चलाया जा रहा है। इसमें सभी धर्मों एवं सभी समाज बढ़चढ़कर हिस्से ले रहे है। इसी श्रृंखला में कार्यकर्ता केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों तक पहुंचकर उन्हे प्राथमिक सदस्य बनाकर लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। आयोजित कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। मंत्री शुक्ला ने कहा कि हम सभी घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी की लोगों को सदस्यता दिलायें। कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाएं एवं समाज के हर वर्ग के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाएं। अभी तक प्रदेश में एक करोड़ एवं देश में 7 करोड़ लोग भाजपा से जुड़ चुके हैं। आगे भी हमारा सदस्यता अभियान लगातार जारी है। मंत्री शुक्ला ने कहा कि 2014-19 में 18 करोड़ सदस्य जोड़कर हमने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को पीछे छोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी। इस बार भी हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि 10 करोड़ से अधिक नए सदस्य भारतीय जनता पार्टी से जुड़ेंगे। इस बार हमारा लक्ष्य मध्य प्रदेश में 1.5 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है प्रथम चरण में हमने 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, दूसरे चरण में हम लक्ष्य से ज्यादा सदस्यता करेंगे। कार्यक्रम में भिण्ड विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत आधार का काम करेगा। हम संगठन के निर्देशानुसार घर-घर जाकर समाज के प्रत्येक वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे।